576. डूँगरपुर प्रजामण्डल की स्थापना किसने की-

(a) गोकुल भाई भट्ट

(b) जमनालाल बजाज

(c) भोगीलाल पांड्या

(d) सागरमल गोपा

RPSC RAS/RTS 1999-2000

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (c) उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या–

577. पंडित नैनूराम शर्मा किस प्रजा मण्डल से संबंधित थे?

(a) अलवर (b) मारवाड़

(c) सिरोही (d) कोटा

उद्योग प्रसार अधिकारी -2018 (22 जुलाई, 2018)

RPSC-2017

Ans. (d) : वर्ष 1939 में पंडित नयनूराम शर्मा ने कोटा राज्य प्रजामंडल की स्थापना पं. अभिन्न हरि के साथ मिलकर किया। इसका प्रथम अधिवेशन 14 अक्टूबर 1939 को मांगरोल में संपन्न हुआ जिसके अध्यक्ष नयनूराम शर्मा थे।

578. सम्प सभा की स्थापना किसने की?

(a) माणिक्यलाल वर्मा (b) जयनारायण व्यास

(c) बलवंतसिंह मेहता (d) गोविन्द गिरी

RPSC-2017

RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (d) : सिरोही जिले में सम्प सभा की स्थापना 1883 में गोविन्द गिरी ने किया था जिसका मुख्य उद्देश्य आदिवासियों में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना, उनमें सामाजिक व राजनैतिक चेतना जागृत करना तथा उन्हें संगठित करना था।

579. 1925 में, ''अखिल भारतीय जाट महासभा'' का अधिवेशन आयोजित हुआ–

(a) सीकर – कूदन (b) चूरू – मलसीसर

(c) जयपुर – चोमू (d) अजमेर – पुष्कर

RPSC ARO/AARO-2022 G.K. & Horticulture

Ans. (d) : नवम्बर, 1925 में, ''अखिल भारतीय जाट महासभा'' का अधिवेशन पुष्कर, अजमेर में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता भरतपुर के महाराजा किशन सिंह ने की थी। यह राजस्थान के जागीरदारों एवं ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध एक जन आदोलन था।

580. 15 दिसम्बर, 1945 को मीठालाल व्यास द्वारा जैसलमेर प्रजामंडल की स्थापना की गई

(a) जोधपुर में (b) जैसलमेर में

(c) बीकानेर में (d) कलकत्ता में

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (a) : 15 दिसम्बर, 1945 को मीठालाल व्यास द्वारा जैसलमेर प्रजामंडल की स्थापना जोधपुर में की गई थी। इस प्रजामंडल को असफल बनाने के लिए कुछ सामंतवादी विचारधारा के लोगों द्वारा 'जैसलमेर राज्य लोक परिषद' का गठन किया गया।

581. निम्नलिखित में से कौन बिजौलिया किसान आन्दोलन का नेता था–

(a) साधू सीताराम दास (b) भोगीलाल पंड्या

(c) हीरालाल शास्त्री (d) बालमुकुन्द

RPSC, Ajmer Exam Date-11-04-2015

Ans. (a) : बिजौलिया आन्दोलन मेवाड़ के किसानों से अत्यधिक कर वसूलने तथा अन्य तमाम नये कर लगाने के विरोध में 1897 में चलाया गया था। जिसके नेता साधू सीताराम दास थे। बाद में इस आन्दोलन से 1916 में विजय सिंह पथिक एवं माणिक्य लाल वर्मा भी जुड़ गये। 44 वर्षों तक चलने वाले इस आंदोलन को 1941 में समाप्त किया गया।

582. निम्न में से कौन प्रजामंडल से संबद्ध नहीं रहे?

(a) जमनालाल बजाज (b) जय नारायण व्यास

(c) गोकुलभाई भट्ट (d) गोविंद गुरु

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (d) : गोविंद गुरु प्रजामंडल से सम्बद्ध नहीं रहे हैं। गोविंद गुरु का जन्म 20 दिसम्बर, 1858 को राजस्थान में डूंगरपुर के बसिया गाँव में हुआ था। गोविंद गुरु ने भील जनजाति को संगठित करने एवं उनमें सामाजिक व राजनीतिक चेतना जागृत करने के लिए 1883 ई. में 'सम्प सभा' की स्थापना की। 1911 में गोविंद गुरु ने भगत पंथ की स्थापना की।

583. मेवाड़ में 1881 का भील विद्रोह कहाँ से शुरू हुआ?

(a) खेरवाड़ा (b) बारापाल

(c) कोटडा (d) रिखबदेव

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (b) : मेवाड़ में 1881 का भील विद्रोह बारापाल से शुरू हुआ। मेवाड़ राज्य में 1881 में शुरू हुई जनगणना की कार्यवाही ने भीलों को आंदोलित कर दिया। भीलों का मानना था कि जनगणना उन्हें ब्रिटिश सेना में भर्ती कराने या भील जाति का सफाया करने के लिए की गई थी। 26 मार्च 1881 को राज्य प्रतिनिधि मामा अमनसिंह और ब्रिटिश प्रतिनिधि लोनारगन के नेतृत्व में सेना बारापाल पहुँची और 27 मार्च को सैकड़ों भील झोपड़ियों को जलाकर राख कर दिया।

584. 1927 में कुँवर मदनसिंह के नेतृत्व में किसानों ने कहाँ आन्दोलन किया?

(a) अलवर (b) भरतपुर

(c) करौली (d) बीकानेर

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (c) : 1927 में कुँवर मदन सिंह के नेतृत्व में किसानों ने करौली में आंदोलन किया। करौली में जनजागृति एवं रचनात्मक कार्य की शुरूआत ठाकुर पूर्ण सिंह और कुंवर मदन सिंह ने की थी। कुंवर मदन सिंह ने खेती की रक्षा करने के लिए सुअर मारने तथा हिंदी भाषा का शासकीय प्रयोग करने और बेगार प्रथा समाप्त करने की मांग को लेकर अनशन किया था।

585. हाड़ौती प्रजामण्डल की स्थापना किसने की थी?

(a) अभिन्नहरि (b) गोपाललाल कोटिया

(c) नाथूलाल जैन (d) नयनूराम शर्मा

JEN Civil Diploma (Tsp Area) 16.10.2016

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

LDC Exam 09.08.2018

Prayogshala Sahayak (Geography)-30.06.2022